# UNIVERSITY NEWS ON 09 FEBRUARY 2026

## DAINIK JAGRAN

# लवि के आनलाइन कोर्सों में प्रवेश शुरू

## लवि सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के निदेशक ने जारी किया नोटिफिकेशन




- प्रवेश के लिए आवेदन शुल्क 250 रुपये रखा गया है
- बी.काम, एम.काम व मार्केटिंग जैसे कोर्स में प्रवेश होना है

### कोर्स वार शुल्क निर्धारण

| कोर्स | प्रति सेमेस्टर शुल्क | परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| बी .काम | 5000 रुपये | 1750 रुपये |
| बीबीए | 15000 रुपये | 4000 रुपये |
| एमबीए | 25000 रुपये | 4000 रुपये |
| एम .काम | 8000 रुपये | 2000 रुपये |
| एमए इंग्लिश | 8000 रुपये | 2000 रुपये |
| एमए इकोनामिक्स | 8000 रुपये | 2000 रुपये |
| एमए पालीटिकल साइंस | 8000 रुपये | 2000 रुपये |
| एमए संस्कृत | 8000 रुपये | 2000 रुपये |

**जागरण संवाददाता • लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने जनवरी-फरवरी 2026 बैच के स्नातक व परास्नातक के आनलाइन कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से आवेदन करके प्रवेश ले सकते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के निदेशक प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने इसकी विस्तृत सूचना www.luonlineeducation.in पर जारी की है। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए आवेदन शुल्क 250 रुपये रखा गया है।

**ऐसे करें आवेदन :** सबसे पहले अभ्यर्थी को अपनी डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) आइडी व एबीसी आइडी बनानी होगी। इसके बाद लवि की वेबसाइट पर पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करके फीस जमा करनी होगी।

**इन कोर्सों में होंगे प्रवेश :** बी.काम, एम.काम मार्केटिंग, एम.काम फाइनेंस एंड एकाउंटिंग, एम.ए इंग्लिश, एम.ए इकोनामिक्स, एम.ए पालीटिकल साइंस, एमएसडब्ल्यू, एम.ए संस्कृत, बीबीए, एमबीए फाइनेंशियल मैनेजमेंट व एमबीए मार्केटिंग।

**दो डिग्री की भी सुविधा :** लवि ने आनलाइन कोर्सों में भी ड्यूल डिग्री की सुविधा दी है। निदेशक प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने बताया कि यदि कोई अभ्यर्थी लवि या अन्य शिक्षण संस्थान से कोई आफलाइन कोर्स कर रहा है तो वह लवि के आनलाइन कोर्स में भी प्रवेश ले सकता हैं। इससे वह एक साथ दो डिग्री पूरी कर सकता है।

**बीफार्म के प्रवेश पत्र जारी :** एकेटीयू ने 10 फरवरी से शुरू होने वाली बीफार्म प्रथम सेमेस्टर रेगुलर-कैरीओवर, द्वितीय सेमेस्टर कैरीओवर व फार्म डी पूरक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए। विद्यार्थी अपने कालेज से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### 12वीं उत्तीर्ण वालों को प्लेसमेंट का मौका

**जासं • लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्लेसमेंट का मौका उपलब्ध कराया है। टाटा मोटर्स लर्न एंड अर्न ड्राइव के लिए किसी भी विषय से 12वीं उत्तीर्ण तथा 18-25 वर्ष आयु वाले पात्र अभ्यर्थी दिए गए लिंक https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSca9jN7DqzH6Zv34Yb8pbvVCnYkobV82G3I0fhh3sKxPNjxbA/viewform?usp=publish-editor के माध्यम से पंजीकरण फार्म सकते हैं। इसके लिए 10 फरवरी तक समय दिया गया है।

जारी सूचना के अनुसार चयनित प्रशिक्षुओं को 14,401 प्रति माह का स्टाइपेंड, सब्सिडी युक्त सुविधाएं दी जाएंगी। प्रशिक्षण के बाद अभ्यर्थियों को टाटा समूह की कंपनियों में सुनिश्चित नियुक्ति भी मिलेगी।

## I NEXT

# ऑनलाइन कोर्सों में एडमिशन के लिए आवेदन फीस डिसाइड

## सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के निदेशक ने जारी किया नोटिफिकेशन

i GOOD NEWS

**LUCKNOW (8 FEB):** लखनऊ विश्वविद्यालय ने जनवरी-फरवरी 2026 बैच के स्नातक व परास्नातक के आनलाइन कोर्सों में एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है. अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन करके एडमिशन ले सकते हैं. लखनऊ विश्वविद्यालय के सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के निदेशक प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने इसकी विस्तृत सूचना www.luonlineeducation.in पर जारी की है. उन्होंने बताया कि एडमिशन के लिए आवेदन फीस 250 रुपये है.



### ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले प्रत्येक अभ्यर्थी को अपनी डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) आइडी और एबीसी आइडी बनानी होगी. इस प्रक्रिया के बाद एलयू की वेबसाइट पर आनलाइन पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करके फीस जमा करनी होगी.

### इन कोर्सों में होंगे एडमिशन

- बीकाम
- एमकाम मार्केटिंग
- एमए इंग्लिश
- एमएसडब्ल्यू
- एमए संस्कृत
- एमए इकोनामिक्स
- एमए पालीटिकल साइंस
- बीबीए
- एमकाम फाइनेंस एंड एकाउंटिंग
- एमबीए फाइनेंशियल मैनेजमेंट
- एमबीए मार्केटिंग



### दो डिग्री की भी सुविधा

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने आनलाइन कोर्सों में भी ड्यूल डिग्री की सुविधा दी है. निदेशक प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने बताया कि यदि कोई अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय या अन्य शिक्षण संस्थान से कोई आफलाइन कोर्स कर रहा है तो वह एलयू के आनलाइन कोर्स में भी एडमिशन ले सकता हैं. इससे वह एक साथ दो डिग्री पूरी कर सकता है.

### कोर्स वार फीस पर एक नजर

| कोर्स | प्रति सेमेस्टर फीस | एग्जाम फीस |
|---|---|---|
| बीकाम | 5000 रुपये | 1750 रुपये |
| बीबीए | 15000 रुपये | 4000 रुपये |
| एमबीए | 25000 रुपये | 4000 रुपये |
| एमकाम | 8000 रुपये | 2000 रुपये |
| एमए इंग्लिश | 8000 रुपये | 2000 रुपये |
| एमए इकोनामिक्स | 8000 रुपये | 2000 रुपये |
| एमए पालीटिकल साइंस | 8000 रुपये | 2000 रुपये |
| एमए संस्कृत | 8000 रुपये | 2000 रुपये |



### 12वीं पास वालों को प्लेसमेंट का मिलेगा मौका

**प्रशिक्षण के दौरान मिलेंगे 14,401 रुपये प्रति माह का स्टाइपेंड**

**LUCKNOW (8 FEB):** लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने 12वीं पास अभ्यर्थियों को प्लेसमेंट का मौका उपलब्ध कराया है. टाटा मोटर्स लर्न एंड अर्न ड्राइव के लिए किसी भी विषय से 12वीं पास तथा 18-25 वर्ष आयु वाले पात्र अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन फार्म भर सकते हैं. इसके लिए 10 फरवरी तक समय दिया गया है. चयनित प्रशिक्षुओं को 14,401 प्रति माह का स्टाइपेंड, सब्सिडी युक्त सुविधाएं दी जाएंगी. खास बात ये है कि प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अभ्यर्थियों को टाटा समूह की कंपनियों में सुनिश्चित नियुक्ति भी मिलेगी. आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल अनुभाग में उपलब्ध है.



## AMAR UJALA

# 12वीं पास युवाओं के लिए अवसर टाटा मोटर्स की 'लर्न एंड अर्न ड्राइव'

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) की ओर से टाटा मोटर्स लर्न एंड अर्न ड्राइव के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह उन युवाओं के लिए शानदार अवसर है, जो कौशल प्रशिक्षण के साथ ही रोजगार की संभावनाएं तलाश रहे हैं। सीपीसी के अनुसार आवेदन के लिए अभ्यर्थी का किसी भी विषय से 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है।

इच्छुक विद्यार्थी 10 फरवरी तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। चयनित प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण अवधि के दौरान लगभग 14 हजार रुपये प्रति माह का भत्ता भी दिया जाएगा। साथ ही सब्सिडी युक्त सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद टाटा समूह की कंपनियों में सुनिश्चित नियुक्ति दी जाएगी। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल अनुभाग में उपलब्ध है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## HINDUSTAN

# एलयू में टाटा मोटर्स भर्ती के लिए आवेदन कल तक

केंद्रीय प्लेसमेंट सेल, लखनऊ विवि की ओर से टाटा मोटर्स लर्न एंड अर्न ड्राइव के लिए आवेदन मांगे गए हैं। अभ्यर्थी किसी भी विषय से 12वीं उत्तीर्ण तथा 18-25 वर्ष आयु वर्ग के होने चाहिए। कल अंतिम दिन है।